प्रादेशिक समाचार

**सरकार-सर्वदलीय बैठक**

संसद के वर्षाकालीन सत्र से पहले सरकार ने रविवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक के दौरान, सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। वर्षाकालीन सत्र इस महीने की 21 तारीख से अगले महीने की 21 तारीख तक चलेगा। इस सत्र के दौरान, कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और पारित होने की संभावना है।

**मुख्यमंत्री स्पेन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल रात स्पेन के मैड्रिड पहुँच गए। वह आज प्रदेश में वैश्विक निवेश और रोजगार के नये अवसरों को सृजित करने के लिये स्पेन के उद्योगपतियों को निवेश के लिये सरकार की सरल एवं उपयोगी नीतियों से अवगत करवायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रदेश को उद्योग संपन्न राज्य बनाने के लिए उनका यह प्रवास दुबई के जैसे ही सफल होगा।

**नशे से दूरी अभियान**

मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक  कैलाश मकवाना के निर्देश पर पूरे प्रदेश  में नशा मुक्ति अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाया जा रहा है। **बैतूल** में पुलिस विभाग द्वारा जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। इसके साथ ही पुलिस कंट्रोल रूम में शपथ भी दिलाई गई। एसपी निश्चल एन. झरिया ने पुलिस कंट्रोल रूम से अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान नशामुक्ति संबंधी हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए। उन्होंने बताया कि  शिक्षण संस्थानों में नशा विरोधी रील्स, शॉर्ट फिल्में और लघु नाटक होंगे। **नर्मदापुरम** जिला एसपी डॉ. गुरकरन सिंह ने बताया कि सावन माह में पचमढ़ी में आयोजित होने वाले 10 दिवसीय नागद्वारी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। मेले में व्यापक स्तर पर नशे से दूरी जनजागरूकता अभियान चलाकर श्रद्धालुओं और युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। **आगरमालवा** जिले में कल एसपी विनोद कुमार सिंह ने जनजागरूकता रैली को रवाना कर अभियान का शुभारंभ किया प्रदेश के अन्य हिस्सों से भी नशा मुक्ति पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने के समाचार मिले हैं।

**अमरनाथ यात्रा**

जम्मू कश्मीर में कश्मीर वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा सुचारु रूप से जारी है। हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र गुफा के दर्शन कर रहे हैं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 6 हज़ार 64 यात्रियों का पंद्रहवां जत्था आज तड़के 234 वाहनों के काफिलें के साथ जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। कल 13 हज़ार 490 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किये। अब तक दौ लाख चौंतीस हज़ार से अधिक श्रद्धालु पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं।

**मौसम**

प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। कल ग्वालियर, भोपाल, इंदौर समेत 25 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। सबसे ज्यादा ग्वालियर में 2.3 इंच पानी गिरा। खरगोन में डेढ़ इंच, सीधी में 1 इंच और उमरिया में आधा इंच से ज्यादा पानी गिरा। मौसम विभाग ने आज 18 जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि अभी एक मानसून ट्रफ प्रदेश के ऊपरी हिस्से से गुजर रही है। इसके चलते आज भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। अगले 4 दिन तक तेज बारिश का अलर्ट भी जारी किया गया है। इस मानसूनी सीजन में प्रदेश में औसत 18.2 इंच बारिश हो गई है, जो कोटे से आधी है। अब तक की औसत बारिश से यह 72 प्रतिशत यानी 5.6 इंच ज्यादा है। इंदौर और उज्जैन संभाग के जिले बारिश में पिछड़े हुए हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले के शासकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में 01 अगस्त से 14 अगस्त तक आयोजित अग्निवीर सेना भर्ती रैली में 10 जिलों सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवारी, शिवपुरी, दतिया, श्योपुर, मुरैना, भिण्ड और ग्वालियर, के लगभग युवा भाग लेंगे।
- बैतूल जिले के शासकीय और अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं निजी अशासकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण 16 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा।
- भारत और इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीमों के बीच तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला का पहला मैच आज साउथेम्प्टन में खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढे पांच बजे से शुरू होगा।

---------------------------------------